‘इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना’का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

10 अगस्त, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम सभागार में रिमोट का बटन दबाकर एवं लाभार्थी महिलाओं-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान कर ‘इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना’का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- ‘इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना’आईटी क्षेत्र में क्रांति के साथ ही महिलाओं के सशक्तीकरण का बड़ा माध्यम बनेगी। योजना के माध्यम से प्रदेश की लगभग हर महिला के हाथ में मोबाइल होगा।
- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में डिजिटल सखी हैंडबुक ‘सीखो डिजिटल, सिखाओ डिजिटल’का विमोचन भी किया। हैंडबुक में मोबाइल के उपयोग संबंधी समस्त जानकारियाँ रंगीन चित्रों के साथ समाहित की गई हैं।
- इस अवसर पर इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना से संबंधित लघु वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई।
- योजना के अंतर्गत चिरंजीवी परिवारों की 1.35 करोड़ महिलाओं को 3 साल की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्मार्टफोन दिये जाएंगे। प्रथम चरण में 40 लाख महिलाओं एवं छात्राओं को स्मार्टफोन दिये जाने की शुरुआत हुई है।
- योजना के अंतर्गत प्रत्येक स्मार्टफोन के लिये 6800 रुपए लाभार्थियों को डीबीटी किये जा रहे हैं तथा प्रारंभ में 20 जीबी डाटा उपलब्ध करवाया जा रहा है।
- अब शिविरों में महिलाओं को बिना किसी परेशानी के ससम्मान स्मार्टफोन उपलब्ध करवाये जाएंगे। साथ ही, कैंप में उन्हें मोबाइल चलाने की जानकारी भी मिलेगी।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के दूसरे चरण में 80 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध करवाए जाएंगे। महिलाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध करवाना रेवड़ी नहीं होकर महिला सशक्तीकरण का एक माध्यम है। मोबाइल के अनेक तरह के उपयोग हैं, जिनसे जीवन सुगम होता है।
- उन्होंने कहा कि ‘नॉलेज इज पावर की थीम’पर यह योजना लाई गई है। स्मार्टफोन के माध्यम से महिलाओं की कल्याणकारी योजनाओं तक पहुँच एवं जुड़ाव सुनिश्चित हो सकेंगे। वे स्वयं लाभान्वित होने के साथ-साथ और महिलाओं को जागरूक कर समाज सेवा भी कर सकेंगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-indira-gandhi-smartphone-yojana